हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 17 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज तड़के भारत लौट आए। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने नई दिल्ली हवाईअड्डे पर उनका स्वागत किया।

श्री शुक्ला 15 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र से लौटे हैं। वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र जाने वाले पहले भारतीय हैं। शुभांशु ने नासा के एक्सिओम-4 मिशन का नेतृत्व किया था। इसे 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से प्रक्षेपित किया गया था।

शुभांशु भारत के प्रथम अंतरिक्ष यान मिशन गगनयान के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं। इसे अगले वर्ष के अंत तक प्रक्षेपित किये जाने की संभावना है।

---

हरियाणा और चंडीगढ़ में कल रात श्री कृष्णा जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और भक्ति-भाव से मनाया गया। पानीपत, फरीदाबाद, चंडीगढ़ वो अन्य कई स्थानों से हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न मंदिरों में मध्यरात्रि रात 12 बजते ही श्रीकृष्ण जी का पंचामृत से अभिषेक किया गया। और पीले,रेशमी वस्त्र पहना कर उनका शृंगार किया गया ।

तत्पश्चात श्री कृष्ण जी को भोग लगाकर झूले में झुलाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण को तुलसी के पत्ते, माखन, मिठाई अर्पित किए ।

भगवान के प्राकट्योत्सव की खुशी में आरती और भजन कीर्तन के साथ हर तरफ कृष्ण कन्हैया की जय-जयकार होती रही।

------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर लाडवा की श्री कृष्ण गौशाला समिति को गौसेवा के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने गायों की पूजा अर्चना भी की ।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने मानवजाति को गऊ सेवा का संदेश दिया था और स्वयं गायों को माता मानते हुए उनकी सेवा की। उन्होंने उपस्थित लोगों से भी एक-एक गाय पालने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। प्राकृतिक खेती के लिए किसान को देसी गाय रखने के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। प्राकृतिक खेती करने से किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। साथ ही सभी पोषक तत्वों युक्त पौष्टिक फसल का उत्पादन होगा।

--------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल रात्रि लाडवा में वामन द्वादशी मेला समिति द्वारा आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में शिरकत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लाडवा की इस पवित्र भूमि पर महाभारत की स्मृतियां आज भी गूंजती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की धरती भाग्यशाली है, जिसके कण-कण में महाभारत की गाथाएं, गीता का उपदेश और श्रीकृष्ण की लीलाएं बसी हुई हैं। कुरुक्षेत्र में अर्जुन के रथ पर खड़े होकर भगवान श्रीकृष्ण ने मानवमात्र को गीता का अमर संदेश दिया। यह संदेश आज भी सत्य और कर्तव्य के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जब हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत और विकसित हरियाणा' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। तब हमें गीता के कर्मयोग के संदेश को याद रखना चाहिए। हमें बिना फल की चिंता किए, अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

---------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडवा विधानसभा की जनता को सड़कों पर सफर करने में आसानी और सुगमता हो, इसके लिए लगातार सड़कों का सुदृढ़ीकरण और सौंदर्य करण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री कल लाडवा में रामकुंडी चौक के पास अग्रसेन चौक का स्किल फाउंडेशन के सौजन्य से किए गए सौंदर्य करण का लोकार्पण करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में लाडवा विधानसभा क्षेत्र में कुरुक्षेत्र-सहारनपुर राज्य मुख्य मार्ग सहित 39 सड़कों पर 32 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत के सड़कों को चौड़ा करने और सुधार के कार्य चले हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के अधिकतर कार्य अगस्त माह में पूरे कर लिए जाएंगे।

---------------------------------------------------------------------------

जींद में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो-एसीबी की टीम ने जुलाना नगर पालिका के प्रधान डॉ. संजय जांगड़ा और उनके रिसेप्शनिस्ट सतबीर 2 लाख 27 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

एसीबी के उप पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भिवानी के ठेकेदार मनोज ने शिकायत दी थी कि तालाब की राशि को पास करने की एवज में जुलाना नगर पालिका के प्रधान ने ढाई प्रतिशत कमिशन के हिसाब से रिश्वत की मांग कर रहा है।

-----------------------------------------------------------------------------------------

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हिसार निवासी ज्योति मल्होत्रा यू-ट्यूबर  के मामले में पुलिस के विशेष जांच दल -SIT ने  2,500 पन्नों का आरोप पत्र  दाखिल किया है।

ज्योति को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------